PPMN

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र - राज्य सरकार से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 » अंक 19 » जयपुर: 8 मई 2025 से 22 मई 2025 » RNI No : RAJHIN/2002/9810 »

**जरूरी सूचना**

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर व डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

डिप्टी जेलर प्रतियोगी परीक्षा-2025

## संशोधन का अवसर 8-14 मई तक

ऑनलाईन किए जा सकेंगे संशोधन

का. सं. / परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** आरपीएससी द्वारा डिप्टी जेलर प्रतियोगी परीक्षा-2024 हेतु आगामी 8 से 14 मई तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन किए जाने का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा का आयोजन 13 जुलाई को किया जाना प्रस्तावित है। इस परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्ववत्सार ही रहेंगी। ऑफलाइनसंशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क व प्रक्रिया** - संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 500 रू. शुल्क जमा करवाना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पद पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmentheldesk@rajasthan.gov.in पर ई-मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

वांछित अहर्ता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन विहड़ा - विज्ञापन अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अथवा अनुभव धारित नहीं होने के उपरांत भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के अंतर्गत एवं आयोग की आगामी भर्ती प्रक्रिया से वंचित करने की कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे अभ्यर्थी उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित कर सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विड्रा बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित किया जा सकता है।

## आरएएस भर्ती-2023 के साक्षात्कार का तृतीय चरण 19 से 28 मई तक

का. सं. / परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** आरपीएससी ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती-2023 के साक्षात्कार के तृतीय चरण का कार्यक्रम जारी किया है। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अंतर्गत साक्षात्कार के तृतीय चरण का आयोजन आगामी 19 से 28 मई तक निर्धारित कार्य मानुसार किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन-पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

सेंट जेवियर्स कॉलेज ने यूएनएफपीए और राजस्थान युवा बोर्ड के सहयोग किया आयोजन

## करियर मार्गदर्शन, उद्यमिता और युवा जुड़ाव के लिए यूथ कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन

**ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** सेंट जेवियर्स कॉलेज जयपुर ने यूएनएफपीए और राजस्थान युवा बोर्ड के सहयोग से 7 मई, 2025 को यूथ कनेक्ट की मेजबानी की। एनएसएस, आईएफ और कला विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य करियर मार्गदर्शन, उद्यमिता और युवा जुड़ाव पर चर्चा के माध्यम से छात्रों को सशक्त बनाना था। प्रख्यात वक्ताओं में डॉ नीरजा के पवन आईएएस, कुमार मनीष यूएनएफपीए, कैलाश पहाड़िया और सौरभ कोठारी शामिल थे। कॉलेज का ऑडिटोरियम उत्साह से भरा हुआ था क्योंकि छात्रों ने इंटरैक्टिव सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। फैकल्टी डॉ रितु मेहरा, डॉ डेनी शाही और मृणालिनी फौजदार, रोहन वीमस तथा छात्रों ने फादर डॉ अरोक्या स्वामी एसजे प्रधानाचार्य और रेव फादर डॉ रेमंड केरूबिन एसजे उप-प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में समग्र युवा विकास और वास्तविक दुनिया की शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। यूथ कनेक्ट संवाद और कार्रवाई को बढ़ावा देने वाला एक प्रेरक मंच साबित हुआ।

## मोदी विश्वविद्यालय में मॉक ड्रिल

**ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** 22 अप्रैल की पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना के बाद भारत पाकिस्तान सीमा पर बिगड़ते माहौल और सरकारी दिशा निर्देशों के मद्देनजर 7 मई को मोदी विश्वविद्यालय में मॉक ड्रील किया गया।

मोदीविश्वविद्यालय प्रांगण स्थित स्वामी हरीदास सभागार में विश्वविद्यालय के कन्सलटेन्ट इंजिनयर रिटायर्ड कर्नल राम कलेनवा ने सभी छात्राओं एवं शिक्षकों सहित अन्य स्टाफ को आपातकाल की स्थिती में सुरक्षा हेतु कुछ महत्वपूर्ण कदमों से रू-ब-रू करवाया। हवाई खतरों की स्थिती में बिना घबराए और शांत रहकर हम सभी स्थिती को अच्छी तरह से संभाल सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ आशुतोष भारद्वाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें किसी भी आपात स्थिती का सामना डट कर और एकता के साथ करना है और हम सभी को अपने सेना पर पूरा भरोसा है। गौरतलब है कि इस मॉक ड्रिल को उद्देश्य महज हमें अपनी तैयारियों को परखने के साथ आपदा या हमले के समय किस तरह शांत रहकर उचित कदम उठाए जाएं। ड्रिल के दौरान रजिस्ट्रार डॉ विनोद पुरोहित के अलावा अन्य सभी अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

## विशेष बच्चों की सेवा के लिए यशवर्धनी चौहान दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** विशेष बच्चों के विकास और समय की धारा में लाने के लिए पिछले लम्बे समय से कार्य कर रही संस्था कलर्स ऑफ होप की फाउंडर यशवर्धनी चौहान को उनके योगदान के लिए दिल्ली में एहसास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रूटस विरासत पर्व कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने यशवर्धनी चौहान को स्मृति चिन्ह देकर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एहसास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कलर्स ऑफ होप संस्था विशेष बच्चों की शिक्षा के लिए अपना योगदान दे रही है। कार्यक्रम में रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। यशवर्धनी चौहान ट्रस्ट से जुड़े सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए अपनी खुशी जाहिर की।

महात्मा गांधी कावेरी पथ पर शिक्षकों का हुआ विदाई समारोह

## तीन शिक्षकों के स्थानांतरण पर दी भावपूर्ण विदाई

**ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर में विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय के कर्मठ शिक्षिक जिन्होंने विद्यालय के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने विद्यार्थियों के लिए अपने तन मन धन से सहयोग किया- श्यामसुन्दर गोला, लक्ष्मणसिंह सीनियर एवं प्रीति खण्डेलवाल के पदोन्नति उपरांत व्याख्याता बनने पर उन्हें इस अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं के साथ विदाई का समारोह रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद राम अवतार गुप्ता एवं विद्यालय के अभिभावक एवं एसडीएमसी सदस्यों ने मिलकर विद्यालय से विदा हो रहे शिक्षकों को साफ पहनाकर व शॉल व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी स्थानांतरित शिक्षकों के विद्यालय में दिए गए शानदार योगदान के लिए परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से संपादक रविसिंह किरार ने तीनों शिक्षकों को परिष्कार का उपर्ण और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी एवं उप प्रधानाचार्य मदनमोहन शर्मा ने उनके कार्यों को विस्तार से बताते हुए उनकी विद्यालय के प्रति निष्ठा और कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने बताया कि इन शिक्षकों ने विद्यालय का नाम हर जगह पर रोशन करते हुए राजस्थान में बेहतर स्थिति में स्थापित किया। जिसमें इनके बोर्ड का परिणाम हमेशा 100 प्रतिशत रहा, यह ही नहीं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गए लक्ष्मण सिंह सीनियर ने अपनी शिक्षा से NMMS, STSE, ओलंपियाड, Inspire अवार्ड जैसे परीक्षा में विद्यालय को राष्ट्र स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिभाओं को आगे लाने का काम किया है। अंत में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने मिलकर शिक्षकों को भाव पूर्ण विदाई दी एवं उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों भावपूर्ण विदाई दी। विद्यार्थियों के स्नेहपूर्ण व्यवहार से अत्यापक भावुक हुए और उन्हें आवश्यस्त किया कि वे जब भी याद करेंगे तो जरूर उपस्थित होंगे। समारोह के अंत में सभी ने साथ मिलकर अल्पाहार का आनंद लिया।

मुख्यमंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक, केन्द्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करें स्थापित

# बुनियादी सुविधाएं और सेवाएं रहें सुचारूः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों पर करें कड़ी कार्यवाई, आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के लिए उठाएं आवश्यक कदम

**ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूरी सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय और केन्द्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर सकती हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने समस्त जिलों की आन्तरिक सुरक्षा योजना और आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, चिकित्सकों सहित आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरण भी उपलब्ध रहें। शर्मा ने पानी, बिजली एवं आवश्यक बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता और इससे संबंधित सेवाओं को सुचारू रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने बुधवार को हो रही मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की भी विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद के संबंध में भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि एडीजी रेंज प्रभारी और प्रभारी सचिव उनके प्रभार क्षेत्र के जिलों के अधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए उक्त सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं।

मुख्यमंत्री शर्मा ने भारतीय सेना को पाकिस्तान स्थित आंतकी ठिकानों पर प्रभावी एवं सटीक एयर स्ट्राइक करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कायराना पहलगाम हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय एयर फोर्स ने अदम्य साहस के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आंतरिक और उनके आकाओं को अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सहित सम्बन्धित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध

## विद्यार्थियों को उच्चकोटी की संस्कारित शिक्षा के लिए संकल्पित है विद्यालय परिवारः सबिता नैयर

**ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** विद्यार्थियों को उच्चकोटी की संस्कारित शिक्षा के लिए संकल्पित है रॉय इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी विद्यालय।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सबिता नैयर ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाती हैं ताकि वे अपने रूझान के साथ अपने करियर का चयन कर सके। विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक कक्षाओं से कम्प्यूटर शिक्षा, स्मार्ट कक्षाओं के साथ विद्यालय में वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी रचनात्मक एक्टिविटी कराई जाती हैं। समय समय पर बच्चों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण भी कराया जाता है। उन्होंने बताया कि अभिभावक एवं शिक्षक दोनों मिलकर ही बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उनके करियर का मार्ग प्रशस्त कर सकते है। विद्यालय में विद्यार्थियों के लाने-छोड़ने के लिए कनवेंस की सुविधा भी उपलब्ध है।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें-**

संपादक, परिष्कार पत्रिका, रजि. का. : प्लाट नं. 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6

ब्रांच ऑफिस : टॉप नं 2, फ्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-302006

मो. 9314407796

parishkarpatrika@gmail.com

अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें www.parishkarpatrika.com

रजि. न. 403 | स्थापित - 1996-1997

पाराशर विल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल

प्रवेश प्रारम्भ

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, साधारिक बाल सभा, रामभजन शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं में, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

रामलाल पाराशर, निदेशक

17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, झाटीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान

Mob. No. 9351451481, 7726857268

सदाचार उच्च मा. विद्यालय

आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026

[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]

कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय

SADACHAR PUBLIC SCHOOL

(An English Medium Co-educational institute)

Ph. 3141519, 2202026

English Medium

Play Group to VIIIth

Conveyance Facility (Auto)

Based on N.C.R.T. Pattern

सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

## सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। हम सभी कुछ ना कुछ विशेष योग्यता के स्वामी होते हैं, कुछ लोग ज्ञान को अपने अंदर समेटे होते हैं, कुछ लोग अपनी भाषाशैली व विनम्रता पर अच्छी पकड़ रखते है, कुछ लोग शारीरिक ताकत का महत्व रखते हैं, तो कुछ लोग समस्याओं, उलझन को हल करने में महारथ होते है। हर व्यक्ति अपनी-अपनी योग्यताओं का इस्तेमाल अपने व अपने परिवार के लिए करता है लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपनी योग्यताओं का इस्तेमाल अपने साथ-साथ अन्य लोगों के समस्याओं को हल करने में, अन्य लोगों की मदद करने में, अन्य लोगों का मार्गदर्शन करने में, अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए भी करते हैं, ऐसे लोग समाज में अपना विशेष स्थान बना लेते हैं ऐसे लोगों के पास लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर जाते हैं। ऐसे लोगों का लोग दिल से सम्मान करने लग जाते हैं। हमें भी ऐसे लोग श्रृंखला में खड़े होने का प्रयास करना चाहिए। हमें अपनी योग्यता, समर्थ, संबंध और अन्य प्रकार के साधनो का उपयोग कर अपने पास आए व्यक्ति की हर संभव सहायता करने का प्रयास करना चाहिए, उन्हें सदा आगे बढ़ाने और अच्छे काम करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, इसलिए कहा है कि जो दूसरों को प्रोत्साहित करते हैं उनकी हर संभव सहायता करते हैं ऐसे लोगों की गिनती सज्जन लोगों में की जाती है। अक्सर कुछ लोग जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद अहंकार हो जाता है कि मैं कुछ विशेष व्यक्ति हूं, कुछ लोग तो उच्च पद पर बैठकर अपने आप को दुनिया का श्रेष्ठ विद्वान व विशेष व्यक्ति समझने की भूल कर बैठते है, ऐसे लोग अपने कार्यालय में काम से आए सामान्य लोगों के साथ बहुत रूखा एवं अपमानजनक व्यवहार करते हैं, जबकि उनके कार्यालय में काम करने आए लोग अपने काम की मजबूरी में उनकी सब बातों को धैर्य से सुन लेते हैं, इसी प्रकार कोई जनप्रतिनिधि चुनाव में लोगों के हाथ जोड़ता, पैर पकड़ता नजर आता है लेकिन चुनाव जीतने के बाद उसका अभिमान इस कदर ऊंचा हो जाता है कि जिनके घर बार-बार चक्कर लगा रहे थे अब उन्हें पहचान कर भी उनकी अनदेखी करते है। इसी प्रकार कोई यदि कोई व्यक्ति किसी सामाजिक पद पर बैठ जाता है तो अपने आपको उस समाज का श्रेष्ठ व्यक्ति समझने लगता है और अपने से वरिष्ठ लोगों का भी अपमान करने से नहीं चुकता, वह यह भूल जाता है कि आज तक जो समाज ने उपलब्धियां प्राप्त की है उसमे उन्ही वरिष्ठ लोग की भी भूमिका है लेकिन अभिमान उसे इंसानियत सीखने की इजाजत नहीं देता। यही से ऐसे लोगों का पतन शुरू हो जाता है और जब ऐसे लोग पद पर नहीं रहते तो उन्हे लोग भी भूल जाते हैं। इसलिए कहा है कि पद जाए कितना भी ऊंचा हो, डिग्री चाहे कितनी भी बड़ी हो यदि इंसान में बोलने की तहजीब नहीं, इंसानियत नहीं तो वह व्यक्ति अनपढ़ इंसान के समान है।

# बेटियों को अवसर मिला तो वे बेहतर प्रदर्शन करके दिखाती है : ऊर्जा मंत्री

### कनवास में 6 करोड़ रूपए से निर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण

कासं.(विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा जिले की लोढ़ाहेड़ा, हिंगोनिया और कनवास पंचायत में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने जल संसाधन, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के 13 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का शिलन्यास व लोकार्पण किया। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उपप्रधान ओम नागर अड्डा, क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष ओम मेहता, लोढ़ाहेड़ा सरपंच बृजमोहन मेहता, बाछेड़ेडा सरपंच बीना नागर सहित अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी समेत सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए काम कर रही है। सांगोद विधानसभा क्षेत्र के तीनों ही उपखंडों में कॉलेज खोल दिए गए हैं और भवन की भी व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इन कॉलेज का सबसे अधिक लाभ बेटियों को मिलेगा। उच्च शिक्षा के लिए बेटियों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बेटियों को और अधिक अवसर देने होंगे। जब-जब भी बेटियों को मौका मिला है, उन्होंने लगन और मेहनत से बेहतर प्रदर्शन करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि कनवास में पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने से तकनीकी शिक्षा के

क्षेत्र में भी युवाओं को बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आर्वी चौराहे से धुलेट चौराहे तक 2 करोड रुपए की लागत से गौरव पथ बनेगा। इससे कॉलेज भी जुड़ेगा और बाईपास भी बेहतर होगा। नागर ने लोढ़ाहेड़ा में संबोधित करते हुए कहा कि कारीसिंध पर एनिकट बनने से यहां पडने वाले भंवर से मुक्ति मिलेगी। लोढ़ाहेड़ा से कुंकुड़ाखेड़ी हनुमानजी तक तीन किलोमीटर ग्रोवल सड़क बनी है। यहां सड़क निर्माण के लिए बजट में प्रस्ताव ले लिया गया है। जल्दी यहां डामर रोड की स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि परवन से हर खेत को पानी मिलेगा तो हर घर को भी पीने का शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर परिवार को पक्का घर और महिलाओं को शौचालय की सौगात मिली है। वहीं निशुल्क राशन की व्यवस्था भी की गई है। साथ हीए किसानों को हर साल 9 हजार रुपए सम्मान निधि के रूप में प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने राशन पोर्टल खोल दिया गया है। अभी तक 20 लाख से अधिक परिवार इससे जुड़ चुके हैं। उन्होंने बाछेड़ेडा में कहा कि सड़क के पैचवर्क का काम मार्केटिंग बोर्ड से स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने तालाब पर इंटरलॉकिंग और गौशाला की प्रक्रिया पूरी होने पर निर्माण के लिए राशि दिलाने का भी आश्वासन दिया।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण शिलान्यास नागे नागर ने लोढ़ाहेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय में 1.98 करोड़ रुपए से होने वाले एनीकट के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद लक्ष्मीनाथ गौशाला बाछेड़ेडा में आयोजित लोकार्पण समारोह में 4.41 करोड रुपए से निर्मित मामोर से हिंगोनिया वाया केशोली बाछेड़ेडा सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही, 61 लाख रुपए से की लागत से किए गए बाछेड़ेडा तालाब के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। नागर ने कनवास में 6 करोड रुपए की लागत से निर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का भी लोकार्पण किया।

## 20 अगस्त को होगा एनालिस्ट कम प्रोग्रामर परीक्षा-2025 का आयोजन

का. सं. / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आरपीएससी द्वारा एनालिस्ट कम प्रोग्रामर/उपनिदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग परीक्षा-2024 की प्रस्तावित परीक्षा दिनांक में संशोधन किया गया है। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम आयोग द्वारा यथा समय जारी कर दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि संशोधित कार्यक्रमानुसार उक्त परीक्षा का आयोजन अब आगामी 20 अगस्त को किया जाएगा। पूर्व में इस परीक्षा का आयोजन 17 अगस्त को किया जाना प्रस्तावित किया गया था।

### सुविचार

इंसान होता है
प्यार करने के लिये,
पैसा होता है
उपयोग करने के लिये,
किन्तु लोग प्यार
पैसे से करते है
और उपयोग
इंसान का करते है

# मातृदिवस पर समारोह 18 मई को

### हिंद सेवा दल की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

अजमेर। हिंद सेवा दल की एक बैठक का आयोजन राजकीय संग्रहालय के पास, गोल प्याऊ नया बाजार अजमेर पर दल के अध्यक्ष आरके महावर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। जिसमें अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर भव्य आयोजन करते हुए सम्मान समारोह मनाए जाने पर विचार विमर्श किया गया। सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों की सहमति से 18 मई को सूचना केंद्र में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मां पर आधारित लघु नाटिका भी आयोजित किया गया। साथ ही संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। मीटिंग में कमल गंगवाल, सोमरतन आर्य, राकेश परमार, राजेंद्र गांधी, दिलीप तंबोली, प्रकाश खन्ना, पुनीत भार्गव, दीपक ठाकुर, अजय शर्मा, गीता शर्मा, नंदा शर्मा, निर्मलासिंह राठौड़, निक्की जैन, मोनिका डलवाल, लोकेश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवाओं को नशे से बचाने का कथाकार प्रदीप मिश्रा करेंगे प्रयास : यशपाल यश

ब्यूरो चीफ रविसिंह/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। कल्याणकारी शिवकथाकार प्रदीप मिश्रा से वैदिक चिंतक निरक्षित जन सेवा, यज्ञ, संस्कारित पीढ़ी निर्माण, गौसेवा तथा आर्गेनिक फार्मिंग की पंचवटी ओजमाश्रय सेवा धाम संस्थापक यशपाल यश के साथ जयपुर के प्रबुद्धजन मिले। यश ने ओजमाश्रय की गतिविधियों की जानकारी प्रेषित कर भगवा दुपट्टा ओढ़ाया जिसे कथाकार प्रदीप मिश्रा ने यश को ही ओढ़ा दिया। यश ने आग्रह किया कि भारत का भविष्य युवा पीढ़ी को नशे से बचाने हेतु कथा को माध्यम बनाएं एवं अपने व्यापक प्रभाव से सरकारी प्रतिबंध लगवाने हेतु प्रयास करें जिसे मिश्रा ने विधायक बालमुकुंदाचार्य की मौजूदगी में स्वीकार कर आश्वस्त किया। जयपुर में इनके मेजबान कथा आयोजन सहयोगी प्रसिद्ध फर्नीचर उद्योग व्यवसाय से जुड़े सुधीर अग्रवाल ने यश का परिचय दिया और ओजमाश्रय के कार्यों की महत्ता बताई। यश के साथ भाजपा नेता दशहरा मेलों के आयोजक मनोज पाण्डेय समाज सेवी डॉ प्रमोद पाल काजू उद्योग से जुड़े के डी सिंघल फ व्यवसायी विजय जिंदल रहे।



# लोन दिलाने के बहाने निरक्षर महिला के साथ धोखाधड़ी करने का मामला

### दलित उत्पीड़न मामलों की कोर्ट ने पुलिस को दिए जांच करने के आदेश

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। बिंदायका थाना क्षेत्र में लोन दिलाने के बहाने निरक्षर महिला के मकान की रजिस्ट्री कराने से जुड़े प्रकरण में एससी-एसटी मामलों की स्पेशल अदालत ने अभियुक्तगण के रिश्तनाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-314, 316(2), 318(4) एवं 61(2) तथा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धारा-3(1) (जी), 3(1) (जेड) तथा 3(2), (वीए) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान करने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में पीड़िता गुलाब की पुत्री गरिमा जासमेरा निवासी गणेश नगर बस स्टैंड के पास, सिरसी रोड हाल सुभानन्द विहार-ए, सिरसी, बिंदायका-जयपुर ने अदालत में आरोपी निरिखल मान निवासी करणी वाटिका-जयपुर, रमेश कुमार निवासी हरिपुरा-जोबनेर, कमलेश ऐचरा निवासी सेरावतपुरा, मुण्डोता-जयपुर एवं बाबूलाल निठारवाल निवासी बालाजी विहार-द्वितीय, गोविन्दपुरा, कालवाड़ रोड़-जयपुर के रिश्तनाफ वह इस्तगाशा पेश किया था। एडवोकेट गुरु प्रसाद लेखरा एवं एडवोकेट मुकेश कुमार मावर ने प्रार्थिया की ओर से पैरवी करते हुए अदालत को बताया कि परिवादिया अनुसूचित जाति की हैं। आरोपी निरिखल मान ने उनके मकान पर लोन दिलाने का झांसा दिया। बैंक के मना करने पर उसे अपने कथित भाई रमेश कुमार से 18 लाख रुपए का लोन दिलाने की कही। प्रार्थिया का आरोप है कि 20 मार्च, 2025 को लोन का एग्रीमेंट बताकर मकान की स्वामी उसकी मां निरक्षर गुलाब के अंगूठा निशानी कराई गई। 29 अप्रैल को लोन राशि के बैंक खाते में 04 लाख रुपए डाल दिए गए। बाद में वो पैसे भी बिजनेस में निवेश के नाम पर ले लिए गए। साथ ही 06 लाख रुपए और बिजनेस में निवेश के नाम पर ले लिए गए बताए। अधिवक्ता गुरु प्रसाद लेखरा और मुकेश कुमार मावर ने कोर्ट को बताया कि प्रार्थिया को शक होने पर उसने लोन एग्रीमेंट के कागजातों की तहकीकात की तो मकान की फर्जी रजिस्ट्री आरोपी रमेश कुमार के नाम करने की जानकारी मिली। जबकि पीड़िता को उपरोक्त तथाकथित सौदे की कोई जानकारी ही नहीं हैं। अब उन्हें मकान पर कब्जा कर बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस को 17 अप्रैल को शिकायत देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की, जिस पर कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट ने अब एफआईआर दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए हैं।

# साहित्यकारों और पत्रकारों ने फारूक आफरीदी को दी हज यात्रा पर विदाई

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रबुद्धजन की संस्था मुक्त मंच के सदस्यों और प्रदेश के विभिन्न साहित्यकारों, पत्रकारों और रंगकर्मियों ने वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार फारूक आफरीदी का हज यात्रा पर प्रस्थान से पूर्व अभिनंदन करते हुए विदाई दी अपनी शुभकामनाएं पेश की। इनमें डॉ हेतु भारद्वाज, विनोद भारद्वाज, गोविन्द माथुर, नन्दभारद्वाज, कृष्ण कल्पित, डॉ सत्यनारायण, राजेंद्र मोरवाल, वसीम अकरम कुरेशी, नवल पांडे, मंगल मोरवाल, अजय अनुरागी, प्रभात गोस्वामी, एमआई ज़ाहिर, ओमेन्द्र, प्रेमचंद गांधी, सुभान खान एडवोकेट आदि प्रमुख थे। इसी प्रकार मुक्त मंच के संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा और विदुषी साहित्यकार डॉ सुषमा शर्मा ने फारूक आफरीदी को अभिनंदन पत्र भेंट करते हुए हज यात्रा-2025 के दौरान उनके सुखद और सफल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर प्रतिष्ठित विद्वान और भाषाविद डॉ नरेन्द्र शर्मा कुसुम ने कहा कि धार्मिक यात्रा से आध्यात्मिक आस्था मजबूत होने के साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। आईएएस सेनि. राजेन्द्र भाणावत, अब्दुल रज्जाक पठान, प्रो सुभाष चंद्र शुग्ना, प्रसिद्ध पूर्व बैंकर और लेखक इन्द्रकुमार भंसाली, आई टी विशेषज्ञ एवं मुख्य अभियंता विद्युत दामोदर चिरानिया, ललित अंकिचन, सविता रायजादा ने अपनी शुभ कामनाएँ दी। परमहंस योगिनी डॉ पुष्पलता गर्ग ने मंगल पाठ कर अपना आशीर्वाद दिया।

### एक दशक से ज्यादा का इंतजार अब खत्म, आवासन अध्यक्ष के प्रयासों से खिले सांगानेरवासियों के चेहरे

# आवासन मंडल सांगानेर तहसील के ग्राम सिलोरी में विकसित करेगा आवासीय योजनाः मंडलअध्यक्ष

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर के तहसील सांगानेर के सिरोली गाँव में राजस्थान आवासन मंडल आवासीय योजना विकसित करेगा। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं मण्डल अध्यक्ष वैभव गालरिया ने बताया कि राजस्थान आवासन मंडल राजस्थान सरकार की मंशानुसार आमजन के अपने आवास के सपने को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में सांगानेर के सिरोली में 329.17 हैक्टेयर भूमि पर आवासन मंडल द्वारा आवासीय योजना विकसित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राजस्थान आवसन मंडल द्वारा आवासीय योजना के लिए ग्राम सिरोली तहसील सांगानेर में 329.17 हेक्टेयर भूमि की अवाप्ति हेतु सितंबर, 2011 को अधिसूचना जारी की थी। प्रस्तावित भूमि 329.17 हैक्टेयर में से मास्टर विकास योजना-2025 में आरक्षित आवासीय भू-उपयोग में कुल 51.71 हेक्टेयर का नियोजन किया जा चुका है, शेष 277.40 हेक्टेयर भूमि का भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-2025 में पब्लिक सेमी पब्लिक होने के कारण योजना का नियोजन एवं विकास नहीं हो सका था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम-1982 की धारा 25 (4) के तहत राजस्थान आवासन मण्डल की राजस्व ग्राम सिरोली, तहसील सांगानेर, जयपुर में अवाप्तशुदा 329.17 हेक्टेयर भूमि को जयपुर मास्टर विकास योजना-2025 में दर्शित भू-उपयोग पब्लिक सेमी पब्लिक रिक्रिएशनल, इकोलॉजिकल एवं वॉटर बॉडी उपयोग को यथावत रखते हुए से आवासीय भू-उपयोग निर्धारित किया जाकर अधिसूचित किया गया है।

जिसके बाद अब राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जयपुर के ग्राम सिरोली, सांगानेर में 329.17 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय योजना विकसित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

# जल संसाधन विभाग में कनिष्ठ अभियंता के 364 पदों पर होगी भर्ती

### कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत के प्रयासों से युवाओं को मिलेगा अवसर

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

अजमेर। जल संसाधन विभाग में कनिष्ठ अभियंता के 364 पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। विभाग में तकनीकी क्षमताओं को सुदृढ़ करने और युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को अर्थना भेजी है। इसमें कनिष्ठ अभियंता डिग्री एवं डिप्लोमा धारकों के लिए गैर अनुसूचित क्षेत्र और अनुसूचित क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग पद आरक्षित किए गए हैं।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के प्रयासों से विभाग में नवाचार और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। कनिष्ठ अभियंताओं की भर्ती प्रक्रिया से युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर मिलेंगे। साथ ही, विभागीय कार्यक्षमता में अभिवृद्धि होगी।

उल्लेखनीय है कि मंत्री रावत के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभाग में लगभग सभी संवर्गों की डीपीसी पूर्ण कर पदोन्नति की जा चुकी है। इन पदों पर भर्ती - गैर अनुसूचित क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता सिविल डिग्री के 165 पद, कनिष्ठ अभियंता सिविल डिप्लोमा के 75 पद, कनिष्ठ अभियंता मैकेनिकल डिग्री के 4 पद और कनिष्ठ अभियंता मैकेनिकल डिप्लोमा के 10 पदों पर भर्ती होगी। साथ ही, अनुसूचित क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता सिविल डिग्री के 28 पद और कनिष्ठ अभियंता सिविल डिप्लोमा के 60 पदों पर भर्ती के लिए भी अर्थना भिजवाई गई है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। राज्य के जल संसाधन प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ करने के लिए विभाग को तकनीकी रूप से सशक्त किया जा रहा है। अब विभाग में इन पदों पर भर्ती होने से राज्य की जल परियोजनाओं की गुणवत्ता अधिक मजबूत होगी।

# झूठे रिश्तों का अंजाम



माया पचेरवाल
(व्याख्याता) जयपुर (राज.)
परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मोना एक साधारण मगर आत्मनिर्भर लड़की थी। पढ़ी-लिखी, समझदार और दिल से बेहद ईमानदार, नौकरी भी अच्छी थी। उसकी जिंदगी में कमी थी तो सिर्फ प्यार, परिवार और अपनों की। इसी कमी को पूरा करने के लिए उसने अमर नाम के एक लड़के से शादी की। वह अमर को अपना सब कुछ समझती थी और पूरे समर्पण भाव से, पूरे रीति/ रिवाजों से उसने अमर से शादी की यही सोच कर के शादी के बाद मेरा भी परिवार होगा, मेरे अपने लोग होंगे, पति सास नन्दे जिनको मेरी फिक्र होगी, मुझे भी मेरे अपनों का प्यार इज्जत सहयोग मिलेगा और जिंदगी आसानी से गुजरेगी और अपने इस परिवार को लेकर वह मेरी ससुराल, पूरा संसार का सपना देखने लगी, पर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। इस शादी को लेकर उसने जितने सपने देखे थे, जितने अरमान संजोए थे वो पल में बिखर गए। उसे क्या पता था जिन लोगों को वो अपना परिवार मान रही हैं, जिनके लिए उसके मन में इतना प्यार और इज्जत हैं उन लोगों के लिए तो किसी की जिंदगी सिर्फ एक खेल है जिसको बर्बाद करने में वे जरा भी नहीं झिझकते।

मोना भी कहां जानती थी शादी के नाम पर जिस दलदल में वह फंस रही है वह दलदल उसकी जिंदगी को पूरी तरह निगल जाएगा।

अमर ने मोना को फसाने के लिए, उससे शादी करने के लिए अपने और अपने परिवार के बारे में बहुत झूठ बोले जिसे मोना ने सच मान लिया, अमर मोना की भावनाओं से खेलता गया और मोना को एहसास तक नहीं हुआ कि उसके साथ प्यार और विश्वास के नाम पर खेल खेला जा रहा हैं। शुरू-शुरू में कुछ-कुछ ठीक था, लेकिन धीरे-धीरे अमर और उसके परिवार के झूठ सामने आने लगे। वे छोटी-छोटी बातें जो बाद में बड़े धोखे में बदल गई कि किस तरह अमर के लिए शादी सिर्फएक खेल है। वह सर्विस क्लास लड़कियों को फंसाता था, शादी के बाद उनका शारीरिक और मानसिक शोषण करता, उनसे पैसे ऐंठता और फिर उन लड़कियों को मरने, परेशान होने के लिए छोड़ देता, सालों साल वो और उसके घरवाले उन लड़कियों की खैर-खबर तक नहीं लेते थे कि वे मर गई के जिंदा है।

ये खेल अमर और उसके घरवाले सालों से खेलते आ रहे थे और कई लड़कियों के साथ खेल चुके थे। मोना को जब इन बातों का पता चला तो वो बहुत मायूस हुई वह बुरी तरह टूट गई, वह विश्वास ही नहीं कर पा रही थी कि प्यार के नाम पर कोई उसके साथ इतना बुरा कैसे कर सकता हैं, उसने अपने साथ हुए धोखे के बारे में कई बार अपनी सास-ननद और देवर से भी बात की और अमर को समझाने के लिए कहा, पर उसे क्या पता था सब की मिलिभकत हैं खासतौर पर अमर की मां जो ना अच्छी सास थी, ना ही अच्छी औरत।

मोना एक ऐसे भंवर में फंस चुकी थी जहां वह तिल-तिल मर रही थी, पर अमर और उसके परिवार को इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा था, जब मोना ने अमर से इस धोखे और झूठ के बारे में पूछा तो वह अकड़ते हुए बोला रजवाड़ा खानदान का हूँ, मैं तो ऐसा ही हूँ।

उसका भाई जो अपने आप को पढ़ा लिखा कहता था उसकी सोच थी कि औरते दुकड़ों पर आती है। उसकी मां के भी कुछ ऐसे ही शब्द थे, मेरा बेटा राजा है और राजाओं के तो ऐसे ही औरतें रहती है। जबकि अमर महज दो कौड़ी का बाबू था जिसे अपनी पहचान बताने में भी शर्म आती थी और अपनी बहन और उसके रिश्तेदारों के नाम का सहारा लेता था। मोना समझ नहीं पाई कोई इंसान इतना घटिया कैसे हो सकता हैं कि इतना बड़ा गुनाह करने के बाद भी कोई पछतावा ना हो। यह मोना के लिए सबसे बड़ा झटका था कि उसने अमर जैसे घटिया और नीच इंसान को पसंद किया, उससे प्यार किया और भरोसा कर के शादी की। मोना ने अमर को कई मौके दिए कि वह अपनी गलती मान ले पर अमर की अकड़, दिखावा, झूठ कभी खत्म नहीं हुए बल्कि वह तो मोना को जान से मारने की धमकियां देने लग गया।

अंत में मोना ने सोचा क्या रिश्ते झूठ और धोखे से निभते हैं या भरोसे से। उसने अमर को छोड़ने का फैसला ले लिया और अमर से बोली मैं तुम्हारे साथ खड़ी होती अगर तुमने सच कहा होता। मोना ने शांत स्वर में कहा लेकिन अब मैं खुद के साथ खड़ी होना चाहती हूँ। मोना ने अमर से रिश्ता खत्म कर दिया पर खुद से रिश्ता और मजबूत कर लिया। उसने फिर एक नई शुरुआत की और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने लगी।

आज मोना एक समाज सेविका और मोटिवेशनल स्पीकर हैं।

वह हर मंच पर एक ही बात कहती हैं जब रिश्ता टूटता हैं तो बहुत तकलीफ होती हैं और यह एक स्त्री के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होता है, पर अगर खुद से रिश्ता टूटे जार ते वो अपनी मृत्यु से भी ज्यादा कष्टकारी होता हैं और अपनी आत्मा को मारकर जीना, इससे बड़ा खुकसान नहीं हैं इस संसार में। झूठ से बना रिश्ता खोखला होता हैं। आज अमर बिल्कुल अकेला है, जिस परिवार के दम पर उसने मोना और अन्य लड़कियों को धोखा दिया था, आज वो परिवार दूर-दूर तक उसके साथ नहीं हैं क्योंकि जब कर्मों का फल भोगने की बारी आती है तब ऐसे आदमी का कोई साथ नहीं देता।

इतनी लड़कियों की जिंदगी बर्बाद कर के आज वो बिस्तर में पड़ा मौत का इंतजार कर रहा है लेकिन मौत भी उसे इतनी आसानी से नहीं आएगी, अभी उसे अपने कर्मों का फल जो भोगना है।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम

# बर्तन बैंक योजना प्रथम चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों में खुलेंगे बर्तन बैंक

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, पारंपरिक आयोजनों के लिए किफायती विकल्प प्रदान करने और समाज में एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार बर्तन बैंक योजना के रूप में एक अभिनव पहल कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप यह योजना न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में एक सकारात्मक मॉडल के रूप में कार्य कर सकती है जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगी।

**प्रथम चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों में होंगे बर्तन बैंक :** राज्य सरकार की वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग से हो रहे पर्यावरण दुष्प्रभाव को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बर्तन बैंक खोलने घोषणा की गई थी, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायतों पर स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाते हुए बर्तन बैंक बनाया जाएगा। प्रथम चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रुपये के स्टील के बर्तन उपलब्ध कराये जाएंगे। चरणबद्ध तरीके से प्रदेश की अन्य ग्राम पंचायतों में भी बर्तन बैंक प्रारंभ किए जाएंगे।

**प्रदेश का पहला स्टील बर्तन बैंक प्रारंभ :** कोटा जिले के रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की खैराबाद पंचायत समिति में प्रदेश का पहला स्टील बर्तन बैंक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया है। खैराबाद पंचायत समिति द्वारा इस बर्तन बैंक का संचालन किया जाएगा। प्रारंभ में इस बर्तन बैंक में 900 सेट स्टील बर्तन रखे गए हैं। बाद में आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या में वृद्धि की जाएगी। बर्तन बैंक में विभिन्न प्रकार के स्टील के बर्तन जैसे प्लेट, चम्मच, गिलास, कटोरी आदि के सेट उपलब्ध कराये जाएंगे, जिन्हें ग्राम पंचायत/गांव स्तर पर बैंक के रूप में रखा जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु बर्तन के न्यूनतम 400 सेट उपलब्ध होंगे। प्रत्येक सेट में एक प्लेट, 3 कटोरी, एक चम्मच एवं एक गिलास सहित कुल 6 बर्तन होंगे, जिस पर संबंधित ग्राम पंचायत की मार्किंग की जाएगी। बर्तन बैंक में बर्तनों को व्यवस्थित तरीके से रखने एवं प्रदर्शित करने के लिए एक रैक की व्यवस्था भी होगी। बर्तन बैंक के संचालन हेतु आवश्यक श्रमिक मानवीय सेवाएं राजीविका के स्वयं सहायता समूह द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

बर्तन बैंक स्थापित करने के लिए ग्राम पंचायत एवं स्वयं सहायता समूह का चयन पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, अधिशासी अभियंता, जिला परिषद और जिला परियोजना समन्वयक, राजीविका सदस्य होंगे। बर्तन बैंक की स्थापना केबाद नियमित संचालन का पर्यवेक्षण ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा, जिसकी समीक्षा समय-समय पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राजीविका तथा जिलाध्ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

**प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का उद्देश्य :** राज्य सरकार की यह योजना न केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरणीय संकट, प्लास्टिक कचरे की बढ़ती समस्या और जलवायु परिवर्तन के खतरे को बढ़ाता है। राज्य सरकार का उद्देश्य यह है कि लोगों को ऐसे विकल्प उपलब्ध कराए जाएं, जिनसे वे प्लास्टिक का उपयोग कम कर सकें और बर्तनों का पुनः उपयोग करें।

# अजमेर प्रगति के प्रगति पथ पर अग्रसर : देवनानी विधानसभा अध्यक्ष

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सड़क निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

**ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका**

**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर में विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी द्वारा मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत वार्ड 79 एवं 80 में स्थित गौरी नगर के साईं कृपा जनरल स्टोर से लेकर जंभेश्वर नगर और राम मंदिर चौराहे से माथुर मेडिकल स्टोर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस सड़क निर्माण कार्य पर 88 लाख 50 हजार रुपये की लागत आएगी। इसी प्रकार वार्ड 72 के रेबल रोड पर महावीर गुर्जर के मकान से लेकर जमनालाल जी के मकान तक सड़क निर्माण कार्य की शुभारंभ भी किया गया। इसका निर्माण 14 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवनानी ने अपने संबोधन में कहा कि अजमेर अब विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 में विधानसभा सदस्य चुने जाने पर वार्ड की स्थिति अत्यंत खराब थी। बरसात में वीराड़ और जलप्रभाव आम समस्याएं थीं। इसके लिए लगातार सबके प्रयास से सड़कों का नेटवर्क बनाया गया। आने वाले समय में संपूर्ण क्षेत्र में पक्की सड़क होगी।

उन्होंने कहा कि वार्ड 79 में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्य निर्माणाधीन हैं। गोकुलधाम, जंभेश्वर नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी सहित अन्य अनेक क्षेत्र सड़क के निर्माण से लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि ये सड़कें वार्ड 79 और 80 को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करेंगी। पिछले कुछ दिनों में 28 करोड़ रुपये की लागत से नाला निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि मानसून से पूर्व इन कार्यों को हर हाल में पूर्ण किया जाए। इससे वर्षा के समय जलभराव से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से नई सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही 40 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से नालों का निर्माण भी किया जाएगा। इसके साथ ही लगभग 47 सड़कों का शिलान्यास शेष है। इन कार्यों में सेक्टर सड़कें, लिंक सड़कें और अन्य प्रकार की लगभग 100 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। इससे क्षेत्र की आधारभूत संरचना सशक्त होगी। देवनानी ने पेयजल व्यवस्था पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अजमेर में 600 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसमें से 270 करोड़ रुपये के कार्यों को पहले

ही स्वीकृति मिल चुकी है। इन योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र में तीन रिजर्वायर बनाए जाएंगे। बीसलपुर का पानी कोटड़ा, लोहाजल और फॉयसागर रिजर्वायर होते हुए शहर में पहुंचेगा। साथ ही शहर में जलभाव की समस्या को दूर करने के लिए कई जल टंकियों का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शहर में युवाओं एवं आगामी पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए अनेक नए पर्यटक स्थलों का विकास किया जाएगा। वरुण सागर पर घाट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। साथ ही चौरसियावास तालाब का विकास कार्य भी किया जाएगा। शहर के बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में रुचि विकसित करने का अवसर प्रदान करने के लिए 42 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक साइंस पार्क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति को मजबूत करने के लिए हाथीभाटा क्षेत्र में 132 केवी जीएसएस का निर्माण किया जाएगा। इस पर लगभग 150 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। अजमेर में आईटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार की तलाश में शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें यहीं अवसर मिल सकेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी विकास योजनाएं लागू की जा रही हैं। कोटड़ा में सैटेलाइट हॉस्पिटल सेंटर जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में 115 करोड़ रुपए की लागत से सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण जैसे अनेक कार्यों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। मरीजों के परिजनों को मात्र एक रुपये में भोजन की सुविधा स्वाभिमान रसोई द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

# सांगानेर फ्लाईओवर से मालपुरा गेट तक एलिवेटेड रोड़ की जीएडी का किया अनुमोदन

**बैठक में 552.35 करोड़ रूपये के कार्य किए स्वीकृत**

**कासं.(विवि) / परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा महोदय के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर शहर के सुनियोजित एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में गुरूवार को मंथन सभागार में पीडब्ल्यूपी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 552.35 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये। जोन-12, में शेखावाटी नगर, बालाजी सागर एवं किशोरपुरा चारण में पीएचईडी द्वारा कॉलोनियों में पाईप लाईन बिछाने हेतु किए गए रोड कट व सड़कों के नवीनीकरण एवं मरम्मतीकरण कार्य हेतु 11.73 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में पीआरएन साउथ क्षेत्र में 100 फीट सेक्टर रोड पर स्ट्रीट लाईट लगाने एवं रख.रखाव हेतु 4.28 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

बैठक में जोन-8 में सांगानेर फ्लाईओवर से मालपुरा गेट वाया चौरड़िया पेट्रोल पम्प तक एलिवेटेड रोड़ निर्माण की जीएडी की स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-5 में मध्यम मार्ग पर शुभु पथ से बी-2 बाईपास मानसरोवर क्षेत्र नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास कार्यों के लिए 13.93 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में भगवती नगर एवं गोविन्दपुरा हाथोज क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों एवं रोड़ कट्स के नवीनीकरण एवं मरम्मतीकरण हेतु 5.03 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-14 क्षेत्र अण्डर आरसी में सेक्टर रोड के सर्वे डिजाईनिंग एवं विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु 138.87 करोड़ रूपये की की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

बैठक में जोन-4 में बहुउद्देशीय योजना बी-2 बाईपास दुर्गापुरा में सिविल विकास कार्यों हेतु 4.77 करोड़ रूपये की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-12 क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों एवं रोड़ कट्स के नवीनीकरण एवं मरम्मतीकरण हेतु 2.93 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-12 क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों एवं रोड़ कट्स के नवीनीकरण एवं मरम्मतीकरण हेतु 4.41 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में मध्यम मार्ग रोड़ मानसरोवर में एचटी/एलटी लाईनों की शिफ्टींग एवं विकास कार्यों के लिए 6.40 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय

स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-9 क्षेत्राधिकार में मिशिंग सेक्टर रोड़ों के विकास कार्य हेतु 33.77 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-9 क्षेत्राधिकार में प्रमुख सेक्टर रोड 300 फीट, 200 फीट एवं 100 फीट के निर्माण कार्य के लिए 55.46 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जयिप्रा की महल विस्तार योजना के बी-ब्लॉक के मानचित्र का अनुमोदन किया गया।

बैठक में ग्राम मुरलीपुरा सांगानेर के खनं 9 रकबा 8.8900 है, खनं 559/82 रकबा 0.44 है, ख नं 561/85 रकबा 0.0370 है, ख नं 560/82 रकबा 0.0100 है, ख नं 83/395 रकबा 0.600 है, खनं 81 रकबा 0.6000 है, खनं 83 रकबा 0.4700 है व ख नं 90 रकबा 1.1000 है की सेक्टर सड़क एवं सेक्टर व्यावसायिक से प्रभावित निजी खातेदारी की समर्पित एवं जयिप्रा स्वामित्व की भूमि में सेक्टर व्यावसायिक के भूखण्डों की रि-प्लानिंग का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जोन-14 में टोंक रोड़ से फागी रोड़ वाया रितनिया, पहाड़िया तक 200फीट सेक्टर रोड निर्माण हेतु 47.80 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन-10 में दांतली अरओबी से टीआर मार्केट तक 90 मीटर सेक्टर रोड के चौड़ाईकरण कार्य एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 12.13 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन-10 में दांतली अरओबी से रिंग रोड़ तक 60 मीटर सड़क चौड़ाईकरण कार्य एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 14.29 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

जोन-07 में कमला नेहरू नगर से रिंग रोड वाया भांकरोटा तक बॉक्स डेक्ज निर्माण कार्य हेतु 30.04 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन-07 में कनक वृंदावन क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों एवं रोड़ कट्स के नवीनीकरण एवं मरम्मतीकरण हेतु 3.12 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में चंदलाई झील के पास 40 एमएलडी एसटीपी प्लान्ट के निर्माण एवं सीवर लाईन बिछाने हेतु 163.39 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

### सोशल मीडिया पर फैल रही है अश्लीलता

# सोशल मीडिया से फैल रही अश्लीलता और मानसिक विकृति से कैसे बचाएं हमारी नई पीढ़ी : योगेन्द्र सैनी

**योगेन्द्र कुमार सैनी**
**अध्यापक, पर्यावरण प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जब से सोशल मीडिया का जन्म हुआ तब से देश दुनिया और बहुत सी चीजें एक दूसरे के नजदीक आ गई है। लोगों के लिए मनोरंजन का नया साधन 24 घण्टे बिना अतिरिक्त पैसा दिए उपलब्ध हैं सोशल मीडिया। अगर स्मार्टफोन के दो लोग सब भूलकर पूरा दिन उससे बीता सकते हैं। आज फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्वीटर जैसे अनेक ऐसे प्लेटफार्म है, जहां कोई भी व्यक्ति कोई भी कंटेट सामग्री आसानी से अपलोड कर सकता है। इससे हर मिनट लाखों की संख्या में नया कुछ इन पर चलता रहता है। अपलोड सामग्री आसानी से सब तक पहुँच जाती है और लोग उस पर कमेंट और लाइक भी करते हैं जिससे लोगों को एक मानसिक खुशी मिलती हैं और कुछ प्लेटफार्म पर तो पैसा भी मिलता है। सोशल मीडिया के आने से जहां बहुतसारी चीजें आसान हुई है वहीं पर कुछ ऐसी बुराइयों को भी फैला रही है, जो समाज में तेजी से तेजी फैल रही है उन्ही में एक है अश्लीलता।

योगेन्द्र सैनी ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि फेसबुक, यूट्यूब यह तो ऐसे सामान्य प्लेटफार्म है जो लोग सामने सभी के फोन में मिल जायेंगे और फेसबुक तो एक ऐसा चाहे तो अपना पूरा दिन, पूरा सप्ताह, पूरा महीना, बड़ी आसानी से निकाल सकता है। हजारों फ्रेंड, हजारों प्रकार के लोग और अच्छे और बुरे। वैसे प्रकार की उनकी पोस्ट आपको फेसबुक पर देखने को मिल जाएगी। लोगों के मन में लाइक और कमेंट इसी चक्कर में लोग ऐसे कंटेट फेसबुक पर डाल देते हैं जो सर्वथा उचित नहीं है। रील्स के चक्कर में लड़कियां अश्लीलता परोस रही है। छोटे बदन दिखाएँ कपड़ों के साथ अश्लील भाषा, अश्लील भाव भंगिमा के विडियो और रील्स बनाकर पोस्ट कर रही है। उन पर आने वाले कमेंट, लाईक कमेंट अन्य लड़कियों को ऐसा करने को प्रेरित करते हैं वही लड़कों और बच्चों के मन में नारी समाज के प्रति वासना और हवस को जन्म देकर पोषित करते है। इसी प्रकार जो फेसबुक, ओटीटी प्लेटफार्म और कई अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रदर्शित, विडियो, सीरियल फिल्मों में देवर-भाभी, जीजा-साली, ससुर-बहु, मालकिन के साथ नौकर, ड्राइवर, दूधवाला, सब्जीवाला, बॉस-सेक्रेटरी, जेठ-बहु, सास-दामाद के बीच शारीरिक संबंध दिखाये जाते है। इन लोगों ने चंद रूपयों के लिए माँ-बेटे, बाप-बेटी और भाई-बहन जैसे पवित्र पारिवारिक रिश्तों को भी नहीं छोड़ा। इन सामग्री, विडियो ने लोगों के मन-मस्तिष्क को सभी रिश्तों से दूर कर दिया है। इसी का परिणाम है, कि सास, दामाद के साथ भाग रही हैं। रिश्तों की मर्यादा ही नहीं रही। ये सब तो फिल्म तक में नहीं दिखाया जाता, लेकिन सोशलमीडिया ने तो हद ही पार कर दी। कहानियाँ भी ऐसी ही पोस्ट की जा रही है। ऐसा नहीं कि यह सब केवल वयस्क के लिए हैं। छोटे बच्चे की भी आसानी से पहुँच में है वे सब। क्या आप 18 वर्ष है। एक फॉरमल सा प्रश्न स्क्रीन पर आता है और हाँ लिखते ही ऐसी सामग्रियों का भण्डार उपलब्ध हो जाएगा। कई बार तो स्क्रॉल करते समय भी ऐसी सामग्री आ जाती है और बच्चा या कोई भी उस पर क्लीक कर दे तो बार-बार वही आता रहता है। यदि इस पर रोक नहीं लगाई गई तो हमारी नई पीढ़ी पथभ्रष्ट, मानसिक और शारीरिक रूप से विकृत हो जाएगी। समाज में चलते फिरते मानसिक रूप से सेक्स के गुलाम घूमते हुए दिखाई देंगे जो कभी भी कहीं भी चालू हो जाए कहा नहीं जा सकता।

बॉलीवुड से दस कदम आगे है ये सब। वहाँ कुछ तो सेंसरशिप हैं, यहाँ तो कुछ भी नहीं है। इन सब से बचने के लिए बच्चों के लिए संस्कार केन्द्र खोले जाये साथ ही इन पर सख्ती से इन पर रोक लगाई जाए और जो ऐसी सामग्री बनाते या पोस्ट करते हैं उन लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाये। अन्यथा चारों ओर सेक्स बम घूमते नजर आयेंगे।

### राजस्थान विश्वविद्यालय सीनेट की विशेष बैठक

# विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण 1 लाख 50 हजार 596 परीक्षार्थियों की उपाधियों (डिग्रियों) का अनुग्रह

**कासं.(विवि) / परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय सीनेट की विशेष बैठक मा कुलगुरू प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित की गई।

इस विशेष बैठक में 309 पीएच.डी डिग्रियों सहित विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए कुल 01 लाख 50 हजार 596, परीक्षार्थियों की उपाधियों (डिग्रियों) का अनुग्रह (ओस) पारित किया गया। सीनेट की आज आयोजित इस विशेष बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में 01 मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 की अवधि के दौरान 309 विद्यार्थियों की पीएचडी उपाधियों का अनुग्रह भी प्रदान किया गया जिसमें 159 छात्रों एवं 150 छात्राओं को पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। सर्वाधिक 99 पीएचडी डिग्रियों का अनुग्रह सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत प्रदान किया गया। इस बैठक में वर्ष 2023 की परीक्षाओं में 185 विद्यार्थियों की एमफिल डिग्रियों के साथ स्नातक पाठ्यक्रमों की 89 हजार 77 एवं स्नातकोत्तर वार्षिक पाठ्यक्रमों की 32 हजार 675 व पी.जी (सेमेस्टर) परीक्षाओं की 03 हजार 471 उपाधियों के साथ ही प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों से जुडे 24 हजार 377 परीक्षार्थियों की उपाधियों के अनुग्रह एवं 502 पी.जी डिप्लोमा/ डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स के ओस को भी इस बैठक में पारित किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे 34वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 117 विद्यार्थी स्वर्ण पदक से सम्मानित किये जायेंगें, जिसमें छात्राओं की संख्या सर्वाधिक है, इसमें 90 छात्राओं को 97 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। आज आयोजित इस विशेष बैठक में मा. कुलगुरू प्रो. अल्पना कटेजा ने यह जानकारी भी दी कि 15 मई को विश्वविद्यालय का 34 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है।

# पक्षियों के लिए स्कूल में बांधे परिंडे, विद्यार्थियों को दी दाना-पानी की जिम्मेदारी

**का. सं. / परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** गर्मी के दौर में पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए समाजसेवी जगह-जगह परिंडा अभियान चलाकर पक्षियों के लिए पेड़ों पर वह सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगा रहे हैं, इसी दरमियान राजधानी जयपुर के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय सेक्टर 29 घरौंदा प्रताप नगर में समाजसेवी किरण मीणा, सुनील जैन ने विद्यालय परिसर में 21 परिंडे लगाये और बच्चों को दाना पानी डालने की व्यवस्था सोपी जानकारी के अनुसार समाजसेवी किरण मीणा ने बताया किरइस तपती धरती एवं भीषण गर्मी में पक्षियों को भी प्यास लगती है। गर्मी में पक्षी इधर-उधर भटकते रहते हैं। पानी नहीं मिलने की वजह से पक्षियों की मौत भी हो जाती है।

इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य बनता है कि इन पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करे। मानवीयता की दृष्टि से देखें चाहे ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से देखें तो भी जल की व्यवस्था करवाना, प्याऊ खोलना, पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मनुष्य के लिए बड़ा पुनीत कार्य है। वही प्रधानाचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि पक्षियों के लिए विद्यालय परिसर में परिंडे लगाए गए तथा उनमें दाना पानी डालने की जिम्मेदारी एक एक छात्र-छात्रा को सौपी गई। वही सुनील जैन ने बताया कि प्राणियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। परिंडे लगाने से बेजुबान पक्षियों को जीवन दान मिलेगा। इस मौके पर रविंद्र जाजोरिया वरिष्ठ अध्यापक हेमलता पूजा मीना अंजली सैनी आदि लोग मौजूद रहे

# जीवन का अर्थ

**हेमलता किरार,**
**पत्रकार / परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** प्रतिदिन रात्रि में सोते समय अपने दिन भर के कामों पर दृष्टि डालो और स्वयं सोचो कि इनमें से क्या तुम दुनिया से छिपाना चाहोगे। जिन्हें छिपाना पड़े, ऐसे काम करना छोड़ दो और सदा सोचो मैं कौन हूं? मैं इस संसार में क्यों आया हूं? और मुझे यहां से क्या लेकर जाना है? नींद छोड़ो, खड़े हो जाओ, युग को चुनौती दो।

नई धारा बहाने के लिए उठो, तैयार हो जाओ। यह जो तुम्हारा मार्ग है वह सर्वनाश की ओर जाता है। उस पर चलना क्या जरूरी है? मरने के लिए क्यों सामान जोड़ रहे हो? रोटी, कपड़ा और मकान जरूरी है, पर केवल इन्हीं में डूब जाना मनुष्य का काम नहीं है। मनुष्य-पशु में कोई अंतर है, इसको समझने का प्रयत्न करो। जीवन का लक्ष्य जानो, समझो, रास्ता बदलो, जल्दी बहुत जल्दी, क्योंकि जीवन का समय निश्चित है। एक-एक पल मूल्यवान है। जो जा रहा है वह कभी लौट कर नहीं आएगा।

इसलिए तुम कमाओ ऐसा धन जो तुम्हारा होए केवल तुम्हारा। तुम्हारे मन के मीठे-मीठे सपने पूरे हों, तुम जीवन भर हंसते हुए रह सको। दुःख तुम्हारे पास कभी न आए, इसके लिए तुम्हें जो प्रकाश चाहिए, वह ढूंढो। प्यार करना और सभी को अपना समझना। जीवन की लहरों पर मुस्कराना सीख लो, जान लो मेरे भाई। काम तुम्हारे आएगी बस तुम्हारी यही कमाई। जीवन संघर्ष का नाम है, स्थिरता मनुष्य का प्रतीक है। शरीर एक मंदिर है, जिसकी प्रत्येक ईंट प्रभु ने रखी है। उसमें विराजमान प्रभु का अपमान मत करो। यह महापाप है।

भूख लगे तो खाना प्रकृति है। भूख न लगे तब भी खाना विकृति है। स्वयं भूखे रहकर भूखे को खिला देना संस्कृति है। विकृति में जीना दुर्जन-स्वभाव, प्रकृति में जीना सज्जन स्वभाव और संस्कृति में जीना संत स्वभाव है। भारत की संस्कृति खिलाकर खाने की है।

जो खिलाकर खाता है वह सदा खिलखिलाता है। हर रोज खिलाकर खाओ, हर रोज खिलखिलाओ।

संपूर्ण संसार अपना कुटुंब है, ऐसा मानकर लोकव्यवहार करने से जो आत्मिक संतोष, सुख व शांति मिलती है उसे शब्दों से नहीं प्रकट किया जा सकता, यह अनुभव की बात है। जैसा हम करते हैं उसकी प्रतिध्वनि हमारे अंतस में पहले से ही बन जाती है। अतः अच्छा सोचें, तो अच्छा करेंगे और बनेंगे भी अच्छा। यही जीवन का अर्थ है।

### शब्द हिंसा का बेलगाम समय

# जरूरी है मीडिया का भारतीयकरण : प्रो संजय द्विवेदी

**प्रो संजय द्विवेदी**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** यह शब्द हिंसा का समय है। बहुत आक्रमक, बहुत बेलगाम। ऐसा लगता है कि टीवी न्यूज मीडिया ने यह मान लिया है कि शब्द हिंसा में ही उसकी मुक्ति है। चीखते-चिल्लाते और दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गों की तरह लड़ाते हमारे एंकर सब कुछ स्क्रीन पर ही तय कर लेना चाहते हैं।

यहां संवाद नहीं है, बातचीत भी नहीं है। विवाद और वितंडावाद है। यह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का संवाद नहीं प्रैप आक्रमकता का वीभत्स प्रदर्शन है।

निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है। किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा सच बन जाता है। मीडिया के इस जाल को तोड़ने की भी कोशिशें नदारद हैं। वस्तुनिष्ठता से किनारा करती मीडिया बहुत सौफेनाक हो जाती है।

**सूचना और खबर के अंतर को समझिए :** हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं? हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है? पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं। जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होता है। हमारी परंपरा में सही प्रश्न करना भी एक पद्धति है। सवालों की मनाही नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजना है, चाहे वह समस्या मन, जीवन या समाज किसी की भी हो। इस तरह प्रश्न हमें सामान्य सूचना से ज्ञान तक की यात्रा कराते रहे हैं। आज सूचना और ज्ञान को पर्याय बनाने के जतन हो रहे हैं। सच यह है कि सूचना तो समाचार, खबर या न्यूज का भी पर्याय नहीं है। सूचना कोई भी दे सकता है। वह कहीं से भी आ सकती है। सोशल मीडिया आजकल सूचनाओं से ही भरा हुआ है। किंतु ध्यान रखें खबर, समाचार और न्यूज के साथ जिम्मेदारी जुड़ी है। संपादकीय प्रक्रिया से गुजरकर ही कोई सूचना, समाचार बनती है। इसलिए संपादक और संवाददाता जैसी संस्थाएं साधारण नहीं हैं।

**हर व्यक्ति नहीं हो सकता पत्रकार :** यह कहना आजकल बहुत फैशन में है कि इस दौर में हर व्यक्ति पत्रकार है। हर व्यक्ति फोटोग्राफर है। हर व्यक्ति कम्यूनिकेटर, सूचनादाता, मुखबिर हो सकता है, वह पत्रकार कैसे हो जाएगा। मेरे पास कैमरा है, मैं फोटो ग्राफर कैसे हो जाऊंगा? विशेष दक्षता और प्रशिक्षण से जुड़ी विधाओं को हल्का बनाने के हमारे प्रयासों ने ही हमारी मीडिया या संचार की दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यह वैसा ही है जैसे कपड़े प्रेस करने वाले या प्रिंटिंग प्रेस वाले अपनी गाड़ियों पर प्रेस का स्टिकर लगाकर घूमने लगें। मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना आ रही भीड़ ने अराजकता का वातावरण खड़ा कर दिया है। लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, बाबासाहेब आंबेडकर, पं जवाहरलाल नेहरू, मदनमोहन मालवीय, माधवराव सप्रे जैसे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा प्रारंभ और समाज के प्रति समर्पित पत्रकारिता वर्तमान में कहां खड़ी है। भारत सरकार के आग्रह पर प्रेस कौंसिल आफ इंडिया ने पत्रकारों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के निर्धारण के लिए एक समिति भी बनाई थी, जिसके समक्ष मुझे भी अपनी बात रखने का अवसर मिला था। बाद में उस कवायद का क्या हुआ पता नहीं।

**समाज की रुचि का करें परिष्कार :** समाज की रुचि का परिष्कार और रूचि निर्माण भी मीडिया की जिम्मेदारी है। अपने पाठकों, दर्शकों को समय के उबलते मुद्दों पर अपडेट रख सकती है, उनकी बौद्धिक, नागरिक चेतना को जागृत रखना भी मीडिया का काम है। जबकि देख्या यह जा रहा है कि पाठकों की पसंद के नाम पर कंटेंट में गिरावट लाने की स्पर्धा है। ऐसे कठिन समय में मीडिया के दायित्वबोध और सरोकारों पर बातचीत बहुत जरूरी है। प्रिंट मीडिया ने भी साहित्य, कलाओं, प्रदर्शन कलाओं और मनुष्य बनाने वाली सभी विधाओं को अखबारों से निर्वासन दे दिया है। मीडिया सिर्फ दर्शक बना रहे यह भी ठीक नहीं। उसे राष्ट्रीय भावना और जनपक्ष के साथ खड़े रहना चाहिए। देखा जाए तो समाज में फैली अशांति, स्पर्धा, लालसाओं और संघर्ष के बीच विचार के लिए सकारात्मक मुद्दे उठाने ही होंगे। मीडिया खुद अशांत है और गहरी स्पर्धा के कारण सही-गलत में चुनाव नहीं कर पा रहा है। ऐसे में मीडियाकर्मियों की जिम्मेदारी है कि खुद भी शांत हों और संवाद की शुचिता पर काम करें। वसीम बरेलवी लिखते हैं-

कौन सी बात कहां, कैसे कही जाती है।
वो सलीका हो तो हर बात सुनी जाती है।

(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में आचार्य और अध्यक्ष हैं)

प्रवेश प्रारम्भ
सभी पाठकों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

जगजीवन राम सेवा समिति द्वारा संचालित एवं संस्थापक स्व. नाथूलाल वर्मा द्वारा स्थापित

डॉ. अम्बेडकर सी. सै. विद्यालय
रजि. 99/78-79
कला एवं वाणिज्य वर्ग

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा,
कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कक्षाओं की सुविधा
बैठने की उचित व्यवस्था
कक्षा 6-12 तक के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम फीस में अनुभवी अध्यापकों द्वारा अध्यापन की व्यवस्था
बालकों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान
जो भी विद्यार्थी 10वीं एवं 12वीं में प्रवेश लेना चाहता है वे न्यूनतम फीस में तुरन्त आवेदन कर सकता है, धानका समाज के विद्यार्थियों के लिए विशेष रियायत

रवि शंकर वर्मा, प्राचार्य

11 फतेह टीबा, आदर्शनगर, जयपुर। फोन नं. 9460124510

Dr. Ambedkar Kids Play School
(An English Medium PG to IInd Class)
Admission Open
Conveyance Facility (Auto)
11, Fateha Tiba, Adarsh, Nagar, Jaipur - 302004

### नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित राज्यपाल ने भाग लिया

# भारत ज्ञान परंपरा में आरंभ से ही समृद्ध रहा है : राज्यपाल

**का.सं. (विवि) / परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महाराष्ट्र के जालना जिले में जन जागृति संस्थान एवं विद्या भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रियान्वयन से संबंधित कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप में लागू करने के लिए शिक्षक और शिक्षण संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही विज्ञानए कलाए साहित्य और संस्कृतिक क्षेत्र में भारत अत्यधिक संपन्न रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय में बख्तियार खिलजी द्वारा लगाई गई आग का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास होते रहे हैं। पर विचारों को नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विकसित भारत के साथ भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

## जोधपुर से आपात स्थितियों से निपटने के लिए ऑपरेशन अभ्यास को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**का.सं. (विवि)/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** जोधपुर जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में मारवाड़ इंटरनेशनल सभागार में ऑपरेशन अभ्यास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला स्तर पर तैयारियों की समीक्षा करना और आमजन, संस्थानों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

**घटनाक्रम में आए बदलावों के दृष्टिगत और अधिक सतर्कता की आवश्यकता-जिला कलक्टर :** बैठक में जिला कलक्टर अग्रवाल ने बताया कि बीते 24 घंटों में घटनाक्रम में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है जिससे यह अभ्यास और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा या आकस्मिक स्थिति में हमारा रेस्पॉन्स तत्काल, संगठित और प्रभावी होना चाहिए।

**ब्लैकआउट के दौरान करें ये जरूरी कार्य :** जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लैकआउट की स्थिति में नागरिकों को अत्यंत सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि सायरन बजने पर सतर्क हो जाएं, यदि रात्रिकालीन सायरन बजता है तो नींद में भी सतर्क हो जाएं, शीघ्र शेल्टर लें। प्रकाश स्रोत पूरी तरह बंद रखें, घर की सभी लाइट, इनवर्टर और अन्य विद्युत उपकरण तत्काल बंद करें। जब तक क्लियरेंस या दूसरा सायरन न बजे तब तक पूर्ण अंधकार बनाए रखें। कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दो चरणों में सायरन बजाने की व्यवस्था की गई है। प्रथम सायरन दो से ढाई मिनट तक बजेगा, द्वितीय सायरन जब तक न बजे, तब तक कोई प्रकाश स्रोत चालू नहीं किया जाए।

बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागीए सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में साझा की गई जानकारी को अपने क्षेत्र, संस्थानों एवं समुदायों में अवश्य प्रसारित करें ताकि प्रत्येक नागरिक सतर्क एवं सुरक्षित रह सके। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयए शैक्षणिक संस्थानए गैरएसरकारी संगठन एवं अस्पतालों को आवश्यक संसाधनों के साथ तैयार रहना होगा।

## आपसी सद्भाव और सहयोग से ही होगी समाज की प्रगति : ऊर्जा मंत्री

**परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** धरणीधरण सेवा संस्थान मांडकला के तत्वावधान में और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन अनुदान योजना द्वारा अनुदानित नागर थाकड़ समाज नागरचाल 108 गांव का 27वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन बूंदी जिले के पांडुला गांव में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखी और समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। नागर ने सामूहिक विवाह आयोजन की पहल को सराहनीय बताया। उन्होंने समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपसी सद्भाव और सहयोग से ही समाज प्रगति करेगा। ऊर्जा राज्यमंत्री नागर ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बालिकाओं को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाया जाएगा और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाएं देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने सभी से बालिकाओं की प्रगति के लिए मिलकर प्रयास करने का आग्रह किया।

## पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज अंग्रेजी माध्यम के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम के अवसर पर निदेशक रामलाल पाराशर ने सभी अव्वल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक ने बताया कि हर वर्ष की तरह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा परिणाम के अवसर पर विद्यार्थियों के साथ आए परिजनों का भी स्वागत किया गया।

## जन आधार की ई-केवाईसी प्रक्रिया का हुआ सरलीकरण

**ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** राज्य सरकार ने जन आधार की ई-केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण किया है। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेषक डॉ सुदीप कुमावत ने बताया कि जिन लोगों के फिंगरप्रिंट, आईरिस नहीं आने एवं आधार में मोबाइल नंबर नहीं होने या अपडेट नहीं होने की स्थिति में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में विलम्ब होता था इसे को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने आमजन को राहत प्रदान की है। उन्होंने बताया कि शासन सचिव, आयोजना एवं पदेन महानिदेशक जन आधार प्राधिकरण ने सभी जिला कलक्टर को पत्र लिखकर बताया है कि राज्य के उम्रदराज निवासियों की आधार में बायोमेट्रिक डेटा इनपुट अर्थात फिंगरप्रिंट/आईरिस नहीं आने एवं आधार में मोबाईल नम्बर नहीं होने की स्थिति में जन आधार में आधार से ऑनलाईन ई-केवाईसी नहीं हो पाती है ऐसे लोगों की समस्या के समाधान हेतु राज्य सरकार द्वारा ऑफलाईन ई-केवाईसी की व्यवस्था की गयी है। डॉ सुदीप कुमावत ने बताया कि ऑफलाइन ईकेवाईसी के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बर्न्कक विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी द्वितीय सत्यापक की एसएलओ आई डी पर ऑफलाईन ईकेवाईसी का ऑप्शन उपलब्ध करवाया गया है जिसके माध्यम से फिंगरप्रिंट/आईरिस नहीं आने व आधार में मोबाईल नम्बर नहीं होने वाले व्यक्तियों की ईकेवाईसी की जा सकेगी। ऐसे उम्रदराज व्यक्ति जिनके बायोमेट्रिक डेटा इनपुट अर्थात फिंगरप्रिंट/आईरिस नहीं आने व आधार में मोबाईल नम्बर नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने मे समस्याओं का सामना करना पड रहा था उन सभी को इस आदेश से राहत मिलेगी।

## भारत से एक मात्र चयनित हर्षिता खर्रा यूएसए में करेंगी देश और परिवार का नाम रौशन

**ब्यूरो चीफ रविसिंह / परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** यूएसए के लिए भारत से एक मात्र हर्षिता खर्रा का चयन हुआ जिसमें वे 28 मई से 4 अगतस्त तक यूएसए में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कैम्प काउंसलर के रूप में स्काउट एवं गाईड के बच्चों को गाइड करेंगी।

सांगानेर जयपुर निवासी हीरालाल खर्रा की पुत्री हर्षिता खर्रा स्काउट एवं गाईड में यूएसए के लिए चयन किया गया है। इसमें पूरे विश्व से 8 लोगों का चयन किया गया। जो यूएसए में 28 मई से 4 अगस्त तक होने वाले कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। हर्षिता पांच भाई-बहिनों में सबसे बड़ी है और पोस्ट ग्रेजुएट है। इससे पूर्व हर्षिता मलेशिया, साउथ अफ्रीका में भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने व्याख्यान दे चुकी हैं। हर्षिता के यूएसए में चयन होने पर परिवारजनों और समाज के गणमान्यों ने शुभकामनाएं दी और उनके माता-पिता को बधाई देकर बेटी के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की

### राजस्थान फाउंडेशन की नॉलेज सीरीज

## प्रवासी राजस्थानियों को निवेश और स्टार्टअप से जोड़ने की पहल

**का.सं. (विवि)/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार प्रवासी राजस्थानियों छत्ते को राज्य के विकास से जोड़ने और निवेशोन्मुखी वातावरण तैयार करने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। इस दिशा में राजस्थान फाउंडेशन ने नॉलेज सीरीज की शुरुआत की है, जो सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सहयोग से संचालित है। इस पहल का उद्देश्य विदेशों और अन्य राज्यों में बसे राजस्थानियों को राज्य की निवेश नीतियों, स्टार्टअप इकोसिस्टम और राइजिंग राजस्थान समिट के तहत शुरू की गई योजनाओं से अवगत कराना है।

राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ मनीषा अरोड़ा ने बताया कि यह पहल प्रवासी राजस्थानियों को उनकी जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें राज्य के विकास में भागीदार बनाने के लिए है। इसके तहत निवेशकों को हैंड-होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है।

गुरुवार को योजना भवन में आयोजित पहली वर्चुअल नॉलेज सीरीज में विश्वभर से 150 से अधिक प्रवासी राजस्थानियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राजस्थान फाउंडेशन की ओर से राज्य की स्टार्टअप नीतिए पैजेंटज प्लेटफॉर्म, उद्यमिता परिदृश्य और स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर व सहयोग योजनाओं पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। मामाहाइ टेक्नो हब और इनक्यूबेशन सेंटर्स जैसे संसाधनों के माध्यम से स्टार्टअप्स को मिल रहे समर्थन पर भी चर्चा हुई। कांफ्रेंस में यूएसए के कुणाल जैन ने स्टार्टअप्स को मिल रहे लाभों में रुचि दिखाई और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी ली।

सिंगापुर के सुरेश अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए स्टार्टअप्स में निवेश की इच्छा जताई। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उप निदेशक मनोज खिल्लोई सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## एसएमएस एवं संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ़, सीआईएसएफ तैयार करेगा रिपोर्ट

**का.सं. (विवि)/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं इससे संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सीआईएसएफको इसके लिए कार्य सौंपा गया है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि सीआईएसएफ की तीन टीमें शीघ्र ही एसएमएस अस्पताल, कांवटिया अस्पताल, गणगौरी अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, महिला चिकित्सालय, सैटेलाइट अस्पताल, जनाना अस्पताल, मनोरोग चिकित्सा संस्थान सहित अन्य संस्थानों की सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा की समीक्षा कर समग्र रिपोर्ट तैयार करेंगी। इस कार्य के समन्वय के लिए डॉ गोवर्धन मीणा, अतिरिक्त प्राचार्य को कॉलेज स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी संबंधित अस्पतालों के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे सीआईएसएफटीम को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

यह परामर्श रिपोर्ट सीआईएसएफद्वारा जल्द तैयार कर राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। यह पहल अस्पताल परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होने से चिकित्सा कर्मियों को कार्य के लिए बेहतर माहौल मिल सकेगा एवं मरीजों एवं उनके परिजनों को भी सुविधा होगी। परिसर में चोरी या अन्य घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लग सकेगी।

## सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**का.सं. (विवि)/ परिष्कार पत्रिका**

**जयपुर।** विश्व में प्रति वर्ष लगभग 13.5 लाख लोग सड़क हादसों में जान गंवा रहे हैं। विश्व में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में दुर्भाग्यवश भारत पहले स्थान पर है। अकेले भारत में हर साल 1,80,000 से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवा देते हैं और 5,00,000 लोग घायल होते हैं। सड़क हादसों में दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु का आंकड़ा 28प्रतिशत है। सड़क हादसों में जान गवांने वाले 18-45 वर्ष के 81 प्रतिशत युवा हैं, जो देश का भविष्य हैं। इन्हीं आंकड़ों में कमी लाने के लिए सहायता द्वारा एसबीआई के सहयोग से सीएसआर गतिविधियों के तहत चेयरपर्सन पपश्री डॉ माया टंडन के नेत्रत्व मे बिलोची ग्राम पंचायत परिसर में बिलोची, चौप एवं घटवाड़ा पंचायत के युवाओं को जीवन रक्षा प्रणाली मे प्रशिक्षित करने के लिए सड़क-सुरक्षा एवं जीवन-रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र में बिलोची सरपंच मम्मराज गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी रामस्वरूप कुम्हार, हेमराज गुर्जर मौजूद रहे। संस्था सीईओ मनीष संचेती आभार प्रकट किया।

**सैंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल**
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
- : विशेषताएं : -
न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, खेलकूद प्रतिस्पर्धाएं, साप्ताहिक बाल सभा, उचित वाहन सुविधा एवं समय-समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान मो. 9414784593

Reg. No. 259/2001 Estd. 2001
**Jai Maa Saraswati Vidhyapeeth Sr. Sec. School**
54, Durga Vistar Colony, Raval Ji Ka Bandha, Behind NBC Quarters, Jaipur, Rajasthan 302006
Nur. to XII Hindi & English Medium (Arts & Com.)
Admission OPEN Now
Congratulations to All My Dear Students & Parents

Our Goals & Ambitious :-
1. In this session, we have started a Special program for students and their parents in our School.
2. Compulsory medical insurance for all students.
3. Book-Bank has been started so that parents can besaved from the financial burden of buying books in the coming session.
4. To increase the students moral values, We have decided to go to OLD AGE HOME with students and their parents.
Our Facilities:
1. Live Camera on the Class.
2. Transport Facilities.
3. Computer Laboratories.
4. Libraries.
5. Sports Facilities.
6. Indoor & Outdoor Play Areas.
Director : Sanjay Sir Contact : 9251467543


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार, अंशुल किरार